C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:48 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:38 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 67 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 28 अगस्त 2024

खेल खेल में का काम तमाम...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### स्मैक समेत युवक गिरफ्तार, मुकदमा

हल्द्वानी। काठगोदाम थाना पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की तैयारी चल रही थी। काठगोदाम थाना क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान डायवर्जन प्वाइंट से बायपास रोड के पास संदिग्ध हालत में खड़े टैंपो चालक की तलाशी ली गई तो उसके पास से पांच ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमीर अहमद निवासी लाइन नंबर 17 बुध बाजार के पास बनभूलपुरा बताया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### दुर्घटना के आरोपी चालक के खिलाफ तहरीर दी

हल्द्वानी। दुर्घटना के आरोपी वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर उके खिलाफ कार्रवाई की मांग कीग ई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंद्रानगर निवासी निषा अंसारी पुत्र मो. अहमद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके पिता राजमिस्त्री का काम करते थे। इसके अलावा वह रात के समय हिंताशी गैस ऐजेन्सी में रात को चौकीदारी भी करते थे। बीती 31 जुलाई की रात को बेलबाबा आश्रम गैस गौदाम के पास वह ढाबे से खाना खाने के बाद सवारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान रूद्रपुर की ओर से आ रहे वाहन चालक ने सड़क किनारे खड़े उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ लोगों ने उन्हें सुशीला अस्पताल पहुंचाया जहां से उनकी हालत को गंभीर देखते हुए ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया जहां पर 6 अगस्त को उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पुत्री ने दुर्घटना के आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कोलकाता डॉक्टर केस: बंद से जनजीवन प्रभावित, हिरासत में ली गई लॉकेट चटर्जी

पश्चिम बंगाल/नई दिल्ली
एजेंसी

पश्चिम बंगाल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में देशभर नाराजगी है। इस बीच बीते दिन राज्य सचिवालय 'नबन्ना' तक प्रदर्शनकारियों के पहुंचने के प्रयासों के दौरान कई स्थानों पर पुलिस के साथ झड़पें हुईं। कोलकाता और हावड़ा की सड़कों पर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। राज्यभर में 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके विरोध में भाजपा की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने 12



घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा आज सभी मुख्य सचिवों और राज्य पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें राज्यों के सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षा बढ़ाने और सुरक्षित कार्य का माहौल प्रदान करने के उपायों को लागू करने की उनकी तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। भाजपा द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंगाल बंद पर पार्टी की रूपा गांगुली ने कहा कि टीएमसी के लोग कह रहे हैं कि लोग बंद का पालन नहीं कर रहे हैं, जबकि बसें खाली जा रही हैं। इसका मतलब है कि लोग बंद का पालन कर रहे हैं। क्या आपने मुझे किसी को बंद का पालन करने के लिए मजबूर करते देखा? पुलिस इन दिनों बहुत बुरा व्यवहार कर रही है, क्या उन्हें शर्म नहीं आती? उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा में आज सुबह भाजपा नेता प्रियांगु पांडे की कार पर हुए हमले और गोलीबारी की घटना में दो लोग घायल हो गए। भाजपा नेता प्रियांगु पांडे ने बताया कि आज मैं अपने नेता अर्जुन सिंह के आवास पर जा रहा था। हम कुछ दूर चले थे कि भाटपारा नगर पालिका की जेटिंग मशीन से सड़क को ब्लॉक कर दिया गया। जैसे ही हमारी गाड़ी रुकी, करीब 50-60 लोगों ने गाड़ी को निशाना बनाया। मेरी गाड़ी पर 7 से 8 बम फेंके गए और फिर 6-7 राउंड फायरिंग की गई। यह टीएमसी और पुलिस की मिली-जुली साजिश है। उन्होंने मेरी हत्या की योजना बनाई। पुलिस ने सहयोग किया और जानकारी दी। मेरी सुरक्षा वापस ले ली गई और फिर यह घटना हुई।

बंगाल बंद के दौरान बवाल, टीएमसी कार्यकर्ताओं पर आरोप

## भाजपा नेता की कार पर फेंके बम हिरासत में कई भाजपा कार्यकर्ता

नई दिल्ली
एजेंसी

पार्टी नेता प्रियांगु पांडे ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के भाटपारा इलाके में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उनकी कार पर हमला किया और गोलीबारी की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी कार पर बम फेंके गए। इस दौरान 6-7 राउंड फायरिंग भी की गई।

पश्चिम बंगाल में राज्य सचिवालय तक मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से बुलाए 12 घंटे के बंद के कारण बुधवार को कई हिस्सों में जनजीवन प्रभावित हुआ। राजधानी कोलकाता में सड़कों पर चहल-पहल कम है।

सड़कों पर बहुत कम बस, ऑटो रिक्शा और टैक्सी नजर आ रही हैं। निजी वाहनों की संख्या भी कम है।



हालांकि, बाजार और दुकानें पहले की तरह खुली हैं। स्कूल और कॉलेज खुले हैं लेकिन ज्यादातर निजी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति बेहद कम है, क्योंकि उन्हें घर से काम करने को कहा गया है। इस बीच पार्टी नेता प्रियांगु पांडे ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के भाटपारा इलाके में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उनकी कार पर हमला किया और गोलीबारी की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी कार पर बम फेंके गए। इस दौरान 6-7 राउंड फायरिंग भी की गई।

## डॉल्फिन कंपनी के श्रमिक धरने पर बैठे, कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**आरोप**

- प्रबंधन पर जबरन रिजाइन लिखवाने का भी आरोप

सिडकुल की एक कंपनी के श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर जबरन रिजाइन लिखवाने, मारपीट करने और हिटलर शाही का आरोप लगा गेट पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

बुधवार को कंपनी के श्रमिकों ने कंपनी पर तमाम आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए। श्रमिकों का उनका कहना है कि उनके साथ मारपीट की गई। उनसे कंपनी परिषद से जबरदस्ती रिजाइन लेकर बाहर निकाले गए हैं। श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर हिटलरशाही का रवैया अपनाने का आरोप लगाया। श्रमिकों का कहना था कि कंपनी में श्रमिकों का लगातार शोषण किया जा रहा है। इस दौरान जितेंद्र कुमार,हरविंदर, ललित, विनोद,सुनील, जगदीश, रमाशंकर, सुनीता,पार्वती, लक्ष्मी, जयंती, कुसुम लता समेत सैकड़ों श्रमिक मौजूद रहे। इधर कंपनी प्रबंधन से इस मामले की जानकारी चाही तो उसने संपर्क नहीं हो सका। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था।



## महिला को सीएचसी संचालक ने लगा दिया हजारों का चूना, मदद की गुहार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एक महिला ने थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र स्थित एक सीएचसी संचालक पर हजारों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। महिला को स्थानीय स्तर पर न्याय न मिलने पर एसएसपी कार्यालय पहुंची और शिकायत देकर मदद की गुहार लगाई। थाना ट्रांजिट कैंप के शिव नगर निवासी ममता कुमार पुत्री इन्द्रदेव पंडित के मुताबिक 12 अगस्त की शाम को चमुण्डा मंदिर पर स्थित जनसेवा केन्द्र पर रूपये 11000/- अपनी मां के खाता में डलवाने के लिये गयी थी। उसने सीएचसी संचालक को को रूपये 11000/- दिये। सीएचसी संचालक ने उसे बताया कि रूपये 11000/- आपके खाता में जमा हो गए है और महिला को भेज दिया। बताया कि 26 अगस्त को जब महिला ने अपनी मां का खाता चेक किया तो पता चला कि खाता में बेलेंस नहीं है। उसके बाद महिला ने संचालक द्वारा दी गयी पर्ची किसी व्यक्ति को दिखायी तो पता चला कि खाता में रूपये 1100/- ही जमा किये। महिला ने बताया कि वह पढ़ी लिखी है और राकेश से पैसे बापस करने की बात की तो महिला को मारने पीटने की धमकी दी गई। पीड़िता ने बताया कि उसने संबंधित थाना पुलिस से मदद मांगी तो उसकी सुनवाई नहीं हुई। उसे मजबूरन एसएसपी के पास आना पड़ा। पीड़िता ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में संचालक पर धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने का आरोप लगाया। पीड़िता ने उक्त संचालक खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़िता को कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## वरुणावत पर्वत पर देर रात आई भारी बारिश ने मचाई तबाही

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में मंगलवार की रात को भारी बारिश के कारण वरुणावत पर्वत से अचानक मलबा और पत्थर गिरने से लोगों में हड़कंप मच गया।

प्रशासन ने रात में ही वरुणावत की तलहटी पर गोफियारा जल संस्थान के आसपास के क्षेत्रों को खाली करवाकर लोगों को आश्रमों में शिफ्ट किया। मलबे में कई वाहन दब गए।

इस घटना ने वर्ष 2003 में हुए भूस्खलन की कड़वी यादें ताजा कर दीं। तब काफी लंबे समय तक भूस्खलन सक्रिय रहा था। असी और वरुणा नदियों के बीच उत्तरकाशी शहर वरुणावत पर्वत की तलहटी में बसा हुआ है। वरुणावत पर्वत पंचकोसी वारुणी यात्रा के साथ इस पर स्थित पौराणिक मंदिरों के लिए तो प्रसिद्ध है ही। 2003 में अचानक ही इस पर्वत से



जब भूस्खलन शुरू हुआ तो तीन से चार जोन में बोल्डर व मलबा गिरता था। उस भूस्खलन में भटवाड़ी रोड के कई बहुमंजिला भवन जमींदोज हो गए थे।

जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने देर रात में ही आपदा प्रबंधन तंत्र को अलर्ट कर सभी अधिकारियों को नियंत्रण कक्ष में बुला लिया। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने देर रात में ही आपदा प्रबंधन तंत्र को अलर्ट कर सभी अधिकारियों को नियंत्रण कक्ष में बुला लिया। जिलाधिकारी भी स्वयं आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंच गए। गए। आनन-फानन में गोफियारा क्षेत्र में एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम पहुंच गई और प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। जिलाधिकारी स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करते रहे। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की स्थिति की समीक्षा कर किसी भी संभावित स्थिति से निपटने की रणनीति पर विचार विमर्श किया। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने देर रात्रि मौके पर पहुंचकर लोगों को आश्रम/धर्मशालाओं में शिफ्ट कराया। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने देर रात्रि में मौके पर पंहुचकर लोगों से अलर्ट रहते हुए सुरक्षित स्थानों पर बने रहने की अपील की तथा स्थानीय लोगों को आश्रम/धर्मशालाओं में शिफ्ट कराया गया है। उत्तरकाशी से तेखला की ओर ट्रैफिक को जीरो जोन किया गया है, यातायात को मनेरा बाईपास की ओर से डायवर्ट किया गया है। पुलिस टीमें लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं।

आज सुबह नगर क्षेत्र में गुफियारा नाले के निकट तथा अन्य जगहों पर सड़कों पर जमा मलबा हटाया जा रहा है। एसडीआरएफ टीम ने तेखला पुल के पास गदेरे में पानी अधिक आने के कारण फंसे 02 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# ट्रेड टैक्स लिए जाने का व्यापारियों ने किया विरोध

नैनीताल

हमारे संवाददाता

व्यापारियों से ट्रेड टैक्स लिए जाने का अब नैनीताल के व्यापारी विरोध करने लगे हैं। मंगलवार को होटल एसोसिएशन और तल्लीताल व मल्लीताल व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर पालिका के प्रशासक के.एन. गोस्वामी के साथ मुलाकात कर ट्रेड टैक्स देने का विरोध किया।

ट्रेड टैक्स के विरोध में नगर पालिका पहुंचे व्यापारियों का कहना है नगर पालिका प्रशासन ने बिना किसी व्यापारी संगठन की सहमति से ट्रेड शुल्क तय कर दिया है जिससे व्यापारियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। ट्रेड शुल्क लिए जाने से पहले व्यापारियों की सहमति अनिवार्य थी। करीब दो घंटे तक बैठक के बाद भी व्यापारियों और नगर पालिका प्रशासन पर कोई सहमति नहीं बनी जिसके बाद व्यापारियों ने नगर पालिका के प्रशासक को दो दिन के भीतर उनके हित में फैसला लेने का अल्टीमेटम दिया है। मामले में व्यापार मंडल मल्लीताल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी ने कहा कि व्यापारियों पर ट्रेड टैक्स लगाया जा रहा है जो घोर अन्याय है जिसका विरोध पहले भी किया था जब बोर्ड गठित की गई थी और व्यापारियों की इतनी आर्थिक स्थित ठीक भी नहीं है कि वह नगर पालिका के टैक्स दे सकें।



कहा कि प्रशासक गोस्वामी से अनुरोध किया गया की दो दिन के भीतर इस मुद्दे पर पुनः विचार करें वही महासचिव त्रिभुवन सिंह फर्तियाल ने चेतावनी दी है अगर दो दिन के भीतर व्यापारियों के हित में फैसला नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान पालिका के प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया वर्ष 2023 में व्यापारियों से ट्रेड टैक्स लिए जाने का फैसला किया गया था। इसके बाद नगर पालिका बोर्ड बैठक की सहमति के बाद गजट नोटिफि केशन को प्रकाशित कर दिया गया जिसमें संशोधन किया जाना अब संभव नहीं है।

इस दौरान ईओ पूजा आर्य,होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह तथा तल्लीताल व्यापार मण्डल के महासचिव अमनदीप सिंह आनंद सनी समेत रईस खान,राजेश वर्मा, विक्की राठौर तथा ममता जोशी समेत अन्य व्यापारी मौजूद थे।

नगर पालिका परिषद के प्रशासक के.एन.गोस्वामी के मुताबिक नगर पालिका ने नियमानुसार शहर के व्यापारियों से करीब 129 ट्रेड लाइसेंस शुल्क लेने का फैसला किया था। नगर पालिका बोर्ड बैठक की सहमति के बाद फैसले को गजट नोटिफि केशन प्रकाशित होने के लिए भेज दिया। इस दौरान किसी प्रकार का विरोध देखने को नहीं मिला अब व्यापारियों से शुल्क लिया जा रहा है जिसका व्यापारी विरोध कर रहे हैं।

## पार्क का निर्माण कार्य शुरू करें: कुमाऊं कमिश्नर

नैनीताल। आयुक्त दीपक रावत को मंगलवार को जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अवगत कराया कि नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़ में भटकोट/सिल्थाम के निकट स्थित नगर पालिका परिषद द्वारा नजूल की 2 नाली भूमि पर सार्वजनिक गतिविधियों व पिथौरागढ़ नगर के सौन्दर्यीकरण के परिप्रेक्ष्य में पार्क का निर्माण कार्य किया जाना है जिसकी डीपीआर तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि पार्क निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य 62.88 लाख रुपए की अनुमानित लागत से होना है। पार्क के मध्य में ओम की आकृति स्थापित की जाएगी और पार्क की चहारदीवारी पर पिथौरागढ़ से संबंधित कलाकृतियों को अंकित किया जाएगा। इस संबंध में दीपक रावत ने पार्क का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा। उन्होंने कहा पार्क में सोलर लाइट और सोलर फ उंटेन भी स्थापित किया जाए ये पार्क को ओर अधिक आकर्षित बनाएंगे।



## कुमाऊं आयुक्त ने दिया फुटपाथ की देख-रेख के निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को देर शाम अचानक माल रोड में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ में स्थित ओपन जिम जानकारी ली साथ ही ओपन जिम को और बेहतर बनाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने पार्क और फुटपाथ की बेहतर देख रेख करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान कर रहे लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान उन्होंने माल रोड में एक दुकान में कार्य करने वाले जम्मू कश्मीर निवासी पर रोड में तम्बाकू खा के रोड में थूकने और मल्लीताल के चेक पोस्ट में तैनात होम गार्ड को धूम्रपान करने पर 500-500 रुपये का चालान काटने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग को खुले में धूम्रपान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उसके बाद वह नगर के चर्चित पंत पार्क में पहुंचे,जहां पर स्थानीय लोगों ने बताया कि पंत पार्क से नगर पालिका परिषद दफ्तर तक लाइट नहीं होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिस पर आयुक्त दीपक रावत ने मार्ग में जल्द पथ प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश पालिका व बिजली विभाग को दिए। इस दौरान प्राधिकरण के सचिव विजय नाथ शुक्ल और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## रुद्रपुर में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ पुलिस बल की कार्रवाई को लेकर विरोध

नैनीताल

हमारे संवाददाता

गांधी चौक तल्लीताल में कांग्रेस की पीसीसी सदस्य एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में संगठन की महिला सदस्यों द्वारा बीते रोज रुद्रपुर में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ प्रदर्शन के दौरान धामी सरकार की पुलिस बल द्वारा जो घटना घटित हुई है उसके विरोध में धामी सरकार का पुतला फूका और जमकर नारेबाजी करते हुए घटना की घोर निंदा की है। कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष बिष्ट ने कहा ज्योति रौतेला वह है जिसने उत्तराखंड अंकिता भंडारी कांड के लिए पुरजोर आवाज उठाई थी। और उधम सिंह नगर में एक नर्स तस्लीम जहां की बलात्कार के बाद निर्मम हत्या कर दी गई थी उसको न्याय दिलाने को लेकर उनके द्वारा शांतिपूर्वक विरोध किया जा रहा था। उन्होंने कहा प्रदेश और देश में महिलाओं पर जघन्य कृत्य लगातार बढ़ रहे हैं और देश और प्रदेश की पुलिस आंखें मूंदे बैठी है घटना के बाद दोषी को पड़कर जेल में डाल देना यह पुलिस का कार्य नहीं है पुलिस को सख्त कदम उठाने पड़ेंगे तब जाकर इस तरीके के जघन्य कृत्य रोका जा सकता है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री व समाजसेवी डॉक्टर सरस्वती खेतवाल, मुन्नी तिवारी, सावित्री सनवाल , संजय कुमार, कैलाश अधिकारी, दीपक टम्टा, विनोद परिहार, बंटू आर्य, जुनैद अहमद, राजेंद्र व्यास, कमल कुमार, सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



## NEWS / फटाफट

### युवा वैश्य महासभा के प्रकाश कोषाध्यक्ष व यश सोशल मीडिया प्रभारी बने



हल्द्वानी। युवा वैश्य महासभा हल्द्वानी के अध्यक्ष अतुल जायसवाल की संस्तुति पर महामंत्री कपिल अग्रहरि ने महासभा के सक्रिय सदस्य प्रकाश कंसल को कोषाध्यक्ष व यश गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। इस अवसर पर वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, आलोक शारदा, सुरेश केसरवानी, विनीत अग्रवाल, रजत माहेश्वरी, संदीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष उमेश गुप्ता, जलज वार्ष्णेय, वैभव गुप्ता ने हर्ष जताते हुए नवमनोनीत पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रोडवेज कर्मचारी यूनियन का शिष्टमंडल नवांगतुक एआरएम से मिला



हल्द्वानी। काठगोदाम डिपो के एआरएम आलोक बनवाल का आरएम पद पर प्रमोशन होने के बाद विमला रौतेला को डिपो का एआरएम बनाया गया है। बुधवार को एआरएम रौतेला ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन का शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै के नेतृत्व में एआरएम रौतेला से मिला और उनका स्वागत किया। इस दौरान रोडवेज कर्मियों ने एआरएम को समस्याएं भी बताईं। उन्होंने कहा कि पर्वतीय व मैदानी मार्गों में ठप पड़ी सेवाओं को बहाल करने के साथ ही विशेष श्रेणी व संविदा कर्मचारियों को ड्यूटी में समान किलोमीटर लागू किया जाए। शिष्टमंडल में यूनियन के शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट, मंत्री सूरज बाबू, आंनद बिष्ट, रेहान अली आदि शामिल थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## चेहल्लुम पर खेले गए हैरतअंगेज़ अखाड़ें, खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा के ख्वाजा चौक,आज़ाद नगर में आज चेहल्लुम के मौके पर प्यारे नबी के नवासे हज़रत हुसैन की शहादत को याद किया गया कर्बला के 72 शहीदों को याद करते हुए अखाड़ा शमशीर ए हैदरी के खिलाड़ियों ने अखाड़ें का प्रदर्शन किया, तलवार, तबल,बल्लम,गतकों व लाठी से हैरत में डाल देने वाले अखाड़ें पेश किए गए। इस खास मौके पर हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे उन्होंने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफ़ज़ाई की और हजरत हुसैन के रास्ते पर चलने की ताकीद भी की।

अखाड़ें के उस्ताद अब्दुल समद ने बताया कि हर साल चेहल्लुम के मौके पर खिलाड़ी अपने खेल पेश करते हैं और पूरी शिद्दत के साथ अखाड़ा



शमशेर हैदरी में शिरकत करते हैं। अंत में अखाड़ा शम्सीर ए हैदरी द्वारा इसी साल मोहर्रम के मौके पर निकल गए जुलूस में शानदार ताज़िया दारों और मुहर्रम दारों को इनाम वितरित किए है इसी के साथ अखाड़ा शमशीर ए हैदरी के शानदार खेल दिखाने वाले खिलाड़ियों को भी इनामो से नवाज़ा गया। और कर्बला को अपनी जिंदगी में उतारने का अहद (इरादा) लिया गया कि चाहे जिस हाल में हों हक और सच्चाई पर रहना है। इस मौके पर उस्ताद अब्दुल समद, कांग्रेसी नेता चंद्र मोहन सिंह, हाजी राशिद, खलीफा साजिद हुसैन, बू अली, हबीबुल, मो.सलीम, दिलदार हुसैन, आफताब आलम, मो. राशिद, मो. सलीम,सरताज आलम,एजाज अंसारी, तौफीक अहमद, जावेद, जरगाम,मो हनीफ, हनीफ, कदीर, दानिश, नाज़िम, तस्लीम, फईम, हारून, शकील, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पत्नी की मौत के पांच दिन बाद पति भी चल बसे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के मुखानी क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक पति अपनी पत्नी की मौत का सदमा सहन नहीं कर सका और पत्नी के निधन के पांच दिन बाद ही दुनिया को अलविदा कह गया।

हिम्मतपुर मल्ला निवासी 55 वर्षीय माधवी सुयाल 22 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन सड़क हादसे में घायल हो गई थीं। उन्हें एसटीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। माधवी के निधन के बाद उनके 65 वर्षीय पति पूरन चंद्र सुयाल को गहरा झटका लगा। वे इस सदमे को सहन नहीं कर पाए और पत्नी की मौत के पांचवे दिन मंगलवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।

परिवार वालों के अनुसार, माधवी अपने भाई को राखी बांधने के बाद अपने बेटे के साथ लौट रही थीं, जब रास्ते में अचानक चक्कर आ गया और वह बाइक से गिर गईं। इसके बाद, उनका इलाज शुरू हुआ लेकिन उनकी मौत हो गई। पति पूरन चंद्र सुयाल पत्नी की मौत के बाद से ही मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में गिरावट देखने को मिली थी। उनके बेटे मोहन चंद्र सुयाल ने बताया कि पिता ने मां के निधन के बाद बहुत कम खाना-पीना किया। मंगलवार को पूरन चंद्र सुयाल की तबीयत अचानक बिगड़ी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका दाह संस्कार चित्रशिला घाट पर किया गया।

# अभिमत



## मर्यादा न भूलें

*जाति के मुद्दे को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना अपमान बताया। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने कहा कि कोई किसी की जाति नहीं पूछ सकता। अखिलेश यादव की पार्टी का नाम समाजवादी है और सबसे अधिक जातिवाद का जहर समाज में व्यक्ति विशेष वाली पार्टियां ही फैला रही हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव, मायावती, लालू प्रसाद यादव आदि दर्जनों नेताओं ने जाति विशेष के लोगों को जोड़कर पार्टी बनाई और नेतागीरी की। जिस जाति के लोगों के कंधे पर चढ़कर सत्ता तक पहुंचे, उस जाति के लोगों की हालत में सुधार नहीं हुआ।*

हर व्यक्ति का परिवार, समाज और देश के प्रति दायित्व होता है। चुनाव में जनप्रतिनिधि निर्वाचित होने के बाद किसी भी नेता के निजी जीवन से कहीं अधिक जिम्मेदारी निर्वाचन क्षेत्र और देश के करोड़ों लोगों के प्रति हो जाती है। मंत्री, सांसद, विधायक आदि की पहचान जाति, रंग-रूप, शरीर के आकार से नहीं होती है। सदन और सड़क पर जनप्रतिनिधियों को मर्यादा नहीं भूलनी चाहिए। संसद में जातीय जनगणना के मुद्दे पर हंगामा बेहद शर्मनाक है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एक तरफ तो जातीय जनगणना की मांग करते हैं और दूसरी तरफ जाति पूछने पर सवाल उठाते हैं। जाति के मुद्दे को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना अपमान बताया। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने कहा कि कोई किसी की जाति नहीं पूछ सकता। अखिलेश यादव की पार्टी का नाम समाजवादी है और सबसे अधिक जातिवाद का जहर समाज में व्यक्ति विशेष वाली पार्टियां ही फैला रही हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव, मायावती, लालू प्रसाद यादव आदि दर्जनों नेताओं ने जाति विशेष के लोगों को जोड़कर पार्टी बनाई और नेतागीरी की। जिस जाति के लोगों के कंधे पर चढ़कर सत्ता तक पहुंचे, उस जाति के लोगों की हालत में सुधार नहीं हुआ। जाति विशेष के लोगों के वोट लेने के लिए उन्हें बदहाल रखा जाता है। केन्द्र सरकार ने बिहार में जातीय जनगणना का विरोध किया, फिर भी आंकड़े जारी किये गये। लोकसभा चुनाव में जातीय जनगणना को मुद्दा बनाया गया। जातीय संकीर्णता खत्म करने के लिए छुआछूत निषेध कानून बनाया गया। सामान्यतया कोई भी व्यक्ति जातिगत भेदभाव के बिना दैनिक जीवन के कार्य करता है, जबकि सबसे अधिक जातिवाद, नफरत और भेदभाव कथित नेता फैलाते हैं। चुनाव में टिकट बांटते समय निर्वाचन क्षेत्र में जिस जाति के लोगों का बाहुल्य होता है, उसी जाति के नेता को उम्मीदवार बनाते हैं। लाखों लोगों को यह पता नहीं होता है कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में किस जाति के कितने लोग हैं? चुनाव में उम्मीदवार अपनी जाति का हवाला देकर वोट मांगते हैं। मीडिया जातीय आधार पर चुनाव में जीत-हार के समीकरण हल करता है। शैक्षिक योग्यता, निर्वाचन क्षेत्र में किये गये जनहित के कार्य और समाज में छवि के आधार पर चुनाव में टिकट नहीं दिये जाते हैं। जाति विशेष के बाहुबली, आर्थिक तौर पर सम्पन्न और आपराधिक छवि वाले व्यक्ति को टिकट देने में प्राथमिकता दी जाती है। राजनीति में जातिवाद की जड़ें बहुत गहरी हैं। सियासी फायदे के लिए जातीय हिंसा की आग में घी डालने से भी नेता नहीं चूकते हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में कृषक बंधु की बैठक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



**सुझाव दिए**

- विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा, किसानों ने रखी कई मांगें

मंगलवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में कृषक बन्धु की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सभी किसनों एवं किसान संगठनों के हितों का ध्यान रखते हुए समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सभी को लाभान्वित किया जायेगा।

बैठक में पहुंचे किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का एवं गन्ने की फसल को क्षेत्रफल को बढ़ावा दिये जाने हेतु सुझाव दिया। मक्का फसल का एमएसपी निर्धारित किया जाए तथा नमी के निर्धारण हेतु ड्रायर की व्यवस्था की जाए। इस पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना ने बताया कि ड्रायर हेतु कंपनियों से वार्ता चल रही है, जिसका प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जायेगा। डीएम ने किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि जनपद में मक्का क्रय हेतु मूल्य निर्धारण के संबंध में कंपनियों के साथ बैठक की जायेगी। साथ ही उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में गन्ने के क्षेत्रफल को भी बढ़ाया जायेगा। किसानों की मांग थी कि धान फसल तैयार होने से पूर्व किसान प्रतिनिधियों, राईस मिलर्स एवं विभागीय अधिकारियों के साथ 15 सितंबर तक बैठक करायी जाए। जिसमें धान क्रय की नीति पर पूर्ण चर्चा हो। किसानों ने बताया कि जिले के सभी क्षेत्रों में 11000 वॉट लाईन के तार काफी झुक गये हैं। इन्हें ठीक किया जाए। किसानों ने कहा कि सिंचाई हेतु बिजली की कटौती दिन में न किया जाए, जिससे किसान दिन में ही सिंचाई कर ले जिससे उसे सर्दी के समय रात में न परेशान होना पड़े। बिजली के बिल के साथ रुपए 805 का जो अधिभार लिया जा रहा है. उसे न लिया जाए। इस पर अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, बाजपुर द्वारा अवगत कराया गया कि यह धनराशि सभी वर्ग के उपभोक्ताओं से नये कनेक्शन के समय लिया जाना था, जिसे नहीं लिया गया था जो अब बिजली बिलों के साथ जोड़कर 12 किस्तों के रूप में लिया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिये कि कटौती के पूर्ण विवरण के साथ पत्रावली प्रस्तुत करें। किसान संगठनों की यह भी माँग थी कि गन्ने की फसल में लगने वाले रोगों की रोकथाम हेतु दवा छिड़काव के लिए चीनी मिल व गन्ना विभाग द्वारा ड्रोन की व्यवस्था कराई जाए।

बैठक में मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, सहायक गन्ना आयुक्त आशीष नेगी, सचिव मंडी विश्व विजयदेव सिंह, ललित मोहन पाण्डे, मोहन चन्द्र जोशी, आशा गोस्वामी, विनोद पलड़िया, योगश तिवारी,सहायक अभियंता विद्युत सुनिल कुमार, लोनिवि परवेज आलम, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी नरेश गोस्वामी समेत कृषक सतपाल सिंह, मुखतार सिंह, चॉद सरना, हरपाल सिंह, कुलविन्दर सिंह, हरजिन्दर सिंह समेत अन्य कृषक मौजूद रहे।

## वाणिज्य की शोधार्थी प्राप्ति ने कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा उत्तीर्ण की

**नैनीताल।** कुविवि के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा प्राप्ति गुप्ता ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षा कंपनी सेक्रेटरी उत्तीर्ण की है। प्राप्ति गुप्ता ने इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित की जानी वाली जून 2024 में आयोजित अंतिम परीक्षा भी उच्च रैंक हांसिल की है।

शोधार्थी प्राप्ति गुप्ता मूलरूप से कुरुक्षेत्र, हरियाणा की रहने वाली हैं। वाणिज्य संकाय डीएसबी परिसर नैनीताल के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। प्राप्ति की इस उपलब्धि पर संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, अंकिता आर्या, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. पूजा जोशी, रितिशा शर्मा, डॉ. गौतम रावत, प्रीति, सूबिया नाज, पंकज भट्ट, चंदन सिंह जलाल, घनश्याम, बिशन आदि ने बधाई दी है।

# रुद्रपुर में एसएसपी की सख्ती के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



**जांच**

- चोरों ने दरवाजा तोड़ कर घर में रखी ज्वैलरी और नगदी उड़ाई, पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद
- पुलिस ने 19 अगस्त की रात को बरार कालोनी में हुई चोरी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की
- मंगलवार को पीड़ित परिवार अपने लोगों के साथ एसएसपी से मिल घटना से अवगत कराया था

एसएसपी की सख्ती के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने 19 अगस्त की रात को बरार कालोनी में हुई चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि घटना को अंजाम देने वाले चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए।

रामपुर रोड फाजलपुर महरौला क्षेत्र की बरार कालोनी निवासी दलजीत सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह मंगलवार को अपने समर्थकों को लेकर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी से मिले। उन्होंने बताया कि 19 अगस्त 2024 की सुबह लगभग-11ः30 बजे परिवार के साथ रक्षा बंधन पर्व पर रिश्तेदारी में गये थे। घर में ताला लगा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोर दीवार से चढ़कर लकड़ी के दरवाजे का ताला तोड़कर व चोखट काटकर घर में घुस गये। घर में अल्मारी में रखी कीमती ज्वैलरी- सोने के 4 कंगन, सोने की 1 चैन वजनी लगभग 6 तोला, हाथ की तीन कीमती घड़ी एवं नगदी 55,000/ हजार आदि सामान चोरी कर लिया। बताया कि घटना की सूचना तत्काल 100 नम्बर पर दी गई, सूचना पर मौके पर रम्पुरा पुलिस पहुंची थी। सीसीटीवी फुटेज भी देखे।

चोरी की घटना को अंजाम देते चोर सीसीटीवी फुटेज कैद हो गए। सीसीटीवी कैमरे पड़ोस के घर के बाहर लगे हैं। सीसीटीवी फुटेज में बाईक का रजिस्ट्रेशन यूपी 22-एएफ-1488 भी दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने बताया कि पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी। अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बता दें कि मंगलवार को पीड़ित समर्थकों के साथ एसएसपी से मिले थे। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# फिल्मी दुनिया

## खेल खेल में का काम तमाम, 1 3वें दिन भी रहा संघर्ष



*अक्षय कुमार की हालिया रिलीज फिल्म खेल खेल में की सारी उम्मीदें खत्म हो गई हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में पटखनी खाती नजर आई है। दिन-ब-दिन इसका कलेक्शन गिरता ही जा रहा है। वीकडेज पर इसकी कमाई लाखों में सिमट चुकी है। इसी बीच %खेल खेल में% का 13वें दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी सामने आ गया है, जिसके आकंड़े बेहद निराशाजनक हैं। बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में का संघर्ष जारी है। कोविड के बाद खिलाड़ी कुमार की दो फिल्में ओएमजी 2 और सूर्यवंशी ही अच्छा प्रदर्शन कर सकी हैं। इसके अलावा बाकी फिल्मों की कमाई का ग्राफ अभिनेता की चिंता बढ़ाने वाला रहा है। वहीं, उनकी 100 करोड़ी फिल्म खेल खेल में भी कमाई की पटरी से उतरती नजर आ रही है। खेल खेल में का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है और इसमें फरदीन खान, तापसी पन्नू, एमी विर्क, वाणी कपूर, प्रज्ञा जायसवाल और आदित्य सील जैसे बेहतरीन कलाकार हैं। फिल्म ने पहले हफ्ते में 19.35 करोड़ रुपये कमाए, दूसरे शुक्रवार को 70 लाख रुपये कमाए, शनिवार और रविवार का कलेक्शन 1.35 करोड़ रुपये और 1.75 करोड़ रुपये रहा। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार, खेल खेल में ने सोमवार को 85 लाख रुपये का कलेक्शन किया।*

### इस तरह फिल्म की कमाई 24 करोड़ रुपये हो गई

*इस तरह फिल्म की कमाई 24 करोड़ रुपये हो गई। वहीं, 13वें दिन यानी मंगलवार की बात करें तो शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, अक्षय कुमार की फिल्म ने 75 लाख रुपये का कलेक्शन किया है, जिससे इसका अब तक का टोटल घरेलू बॉक्स ऑफिस कारोबार 24.75 करोड़ रुपये ही हो पाया है। काम के मोर्चे पर अक्षय कुमार के पास स्काई फोर्स से लेकर दिवाली पर सिंघम अगेन, अगले साल वेलकम टू द जंगल, जॉली एलएलबी 3 और द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर जैसी दिलचस्प फिल्में हैं।*

# श्री मां नंदा देवी महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर में 8 से 15 सितंबर तक आयोजित होने वाले श्री मां नंदा देवी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को नगर पालिका के प्रशासक के. एन. गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महोत्सव की आयोजक संस्था श्री राम सेवक सभा समेत जिला प्रशासन समेत तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान श्री राम सेवक सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी ने महोत्सव के दौरान होने वाली दिक्कतों से पालिका प्रशासक को अवगत कराया साथ ही जल्द से जल्द इन समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

बैठक के दौरान नगर पालिका प्रशासक के.एन. गोस्वामी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तीन दिन के भीतर सभी समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्रा, रामसेवक सभा अध्यक्ष मनोज साह, महा सचिव जगदीश बवाडी समेत पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी के साथ ही विमल चौधरी,भुवन बिष्ट, माँ नयना देवी व्यपार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन समेत विभिन्न संगठनों व विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के तीन मैच खेले गए

**नैनीताल ।** जिमखाना एवं डीएसए द्वारा आयोजित एवं भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल तथा कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा प्रायोजित प्रथम बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को तीन मैच खेले गए। पहले मैच में सनवाल स्कूल नैनीताल ने भारतीय शहीद सैनिक ब्लू को शून्य के मुकाबले दो गोल से हराया। दूसरे मैच में ऑल सैन्टस कॉलेज नैनीताल की टीम ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की टीम को एक गोल के मुकाबले दो गोल से हराया जब कि तीसरे मैच में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की रैड टीम ने जीजीआईसी नैनीताल को शून्य मुकाबले पांच गोल से हराया। रेफ री तेनजिंग रहे। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, डीएसए के फुटबॉल सचिव पवन सिंह खड़ायत सहित अर्वतिका गुप्ता, निशा बनोला, सागर सिंह तथा गोदावरी आदि उपस्थित रहे ।

### दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में डिस्मुन-2024 कल से

**हल्द्वानी ।** वर्तमान घटनाओं, अंतराष्ट्रीय संबंधों एवं कूटनीति के बारे में शिक्षित करते हुए कुमाऊं भर के 200 छात्रों को सार्वजनिक भाषण, प्रस्तुति, स्थिति विश्लेषण, अनुसंधान और आलोचनात्मक सोच सहित कौशल विकसित करवाने के लिए हल्द्वानी के उदयलालपुर आरटीओ रोड स्थित दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में कल 29 अगस्त से दो दिनी डिस्मुन-2024 दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल मॉडल यूनाइटेड नेशंस का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत करेंगे। यह जानकारी दीक्षांत स्कूल के प्रबंधक समित टिक्कू ने दी है।

# शिरड़ी साईं मन्दिर के 25 वें स्थापना दिवस पर धार्मिक अनुष्ठान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल स्थित प्रतिष्ठित शिरडी साईं मन्दिर के 25 वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। दिन भर भजन कीर्तन के साथ दोपहर बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी कर प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पूर्व साईं मन्दिर के स्थापना दिवस पर सुबह कांकड़ आरती के बाद गणेश पूजा के बाद हवन,दत्तात्रेय पूजा, महाभिषेक के बाद मंगल आरती हुई । दोपहर में मध्यान्ह आरती के बाद विशाल भंडारा शुरू हुआ जो सांय तक जारी रहा । इस दौरान यजमान मन्दिर के मुख्य ट्रस्टी विनोद अरोरा व प्रबंधक डी. एन. जोशी थे जबकि धार्मिक अनुष्ठान पंडित विपिन जोशी ने सम्पन्न कराए।





इस मौके पर पूरे दिन रुद्रपुर से आये भजन गायक संदीप ग्रोवर व उनकी टीम द्वारा साईं भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी जहां भारी संख्या में महिलाएं व अन्य भक्त मौजूद थे। इन कार्यक्रमों को सफ ल बनाने में पंडित महादेव, मनोज,मीनू बुधलाकोटी,हेमा जोशी,देवकी जोशी, लता दफ ौटी, तारा बोरा,राजन शर्मा,गौरव पालीवाल सहित शेरवानी लॉज, प्राधिकरण कम्पाउंड,हंस निवास,सैनिक स्कूल,चीना हाउस,मोहन पार्क,गोपाला सदन,वैभरली,एटीआई,मनकापुर तथा ओक पार्क सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे,वहीं दूसरी ओर भाजपा नगर अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट,वरिष्ठ युवा नेता अरविंद सिंह पडियार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट,पूर्व दर्जा मंत्री शांति मेहरा, पूर्व सभासद भगवत रावत के अलावा नवीन जोशी कन्नू आदि भी इस पुनीत धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए ।

मन्दिर के मुख्य ट्रस्टी विनोद अरोरा ने बताया कि साईं मन्दिर की स्थापना वर्ष 2000 में डॉ. चंद्रभानु सतपथी (उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त डीजीपी) ने की थी। बताया कि मन्दिर में हर महीने आंखिरी गुरुवार को भंडारे के साथ ही नित्य विविध धार्मिक अनुष्ठान वर्षभर होते हैं।

# रामनगर मंडी के बाहर चला बुलडोजर, हटाया अतिक्रमण

रामनगर

हमारे संवाददाता

रामनगर मंडी समिति के बाहर लोनिवी की सड़क पर बसे 35 परिवारों को बुधवार सुबह कार्रवाई करते हुए हटा दिया गया है। हालांकि अधिकतर अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लिया था।

रामनगर मंडी समिति के बाहर लोनिवी की सड़क पर बसे 35 परिवारों को बुधवार सुबह कार्रवाई करते हुए हटा दिया गया है। हालांकि अधिकतर अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लिया था। पुलिस व प्रशासन को ज्यादा मशक्कत करने की जरूरत नहीं पड़ी। एसडीएम राहुल शाह ने 26 से लेकर 28 अगस्त तक अतिक्रमणकारियों को स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। इसके बाद प्रशासन की टीम ने मुनादी कराई और मुनादी के समय लोगों को खुद ही हट जाने के लिए कहा गया। प्रशासन की तैयारी को देखते हुए अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमा हटाना शुरू कर दिया। मंगलवार की देर शाम तक अधिकतर अतिक्रमणकारियों अपना अतिक्रमण ध्वस्त कर चले गए थे। आज सुबह जब टीम मौके पर पहुंची तब केवल एक ही अतिक्रमणकारियों मौके पर मौजूद था, जिसे प्रशासन की टीम ने हटा दिया। इसके बाद बुलडोजरों की मदद से अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए सड़क को साफ किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौके में मौजूद रहा और किसी भी तरह का विरोध नजर नहीं आया। दूसरी ओर नगर पालिका, सिंचाई विभाग, जल संस्थान, लोनिवि और मंडी समिति के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।



**कार्रवाई**

● 35 परिवारों ने छोड़ा आशियाना

# पूर्व विधायक शुक्ला ने बेहड़ के पुत्र सौरभ के धरने पर बैठने पर उठाए सवाल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**पलटवार**

● गोकशी,हत्या,वसूली जैसे जघन्य दर्जनों मुकदमों में नामजद कुरैशी को पुलिस द्वारा पूछताछ को हिरासत में लेने के मामले में बोले शुक्ला

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जारी प्रेस बयान में कहा कि किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के पुत्र सौरभ बेहड़ के दोहरे चरित्र को पूरी तरह से जनता के सामने ला दिया है।

पूर्व विधायक ने कहा कि पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए गए गोकशी, हत्या व वसूली जैसे जघन्य दर्जनों मुकदमों के पेशेवर अपराधी परवेज कुरैशी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। शुक्ला ने कांग्रेस की नीतियों और उनके नेताओं के आचरण पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह कितना विडंबनापूर्ण है कि एक तरफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विपक्ष के विधायक तिलक राज बेहड़ सदन में ऊधमसिंहनगर की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठाते हैं, और दूसरी तरफ उनके अपने पुत्र सौरभ बेहड़ अपराधियों के समर्थन में धरने पर बैठ जाते हैं। यह कांग्रेस के नैतिकता और सिद्धांतों के दावों को पूरी तरह से खोखला साबित करता है। इस घटना ने कांग्रेस की असलियत को उजागर किया है, जो जनता के सामने एक चेहरा पेश करती है और पर्दे के पीछे कुछ और करती है। यह दोहरा चरित्र केवल राजनीतिक लाभ के लिए अपनाया गया है, जबकि जनता को इस दोहरे मानक का शिकार बनना पड़ रहा है।

# जिले भर से कलेक्ट्रेट पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर्मचारी संगठन का प्रदर्शन



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सेविका,मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के बैनरतले बुधवार को आंगनबाड़ी वर्करों ने मानदेय बढ़ोत्तरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सीएम को मांग पत्र भेजकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। बुधवार को जिले भर से बड़ी संख्या में आंगबाड़ी कार्यकर्ता एवं सेविकाएं नैनीताल रोड पर एकत्र हुई।

यहां से जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट के लिए कूच किया। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्त्रियों ने जमकर नारेबाजी की। कार्य कर्तियों ने कहा कि आगनबाड़ी कार्यकर्ता विगत कई वर्षों से मानदेय बढ़ोतरी को लेकर आवाज उठा रही है, लेकिन उनकी मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है। चेतावनी दी कि जल्द मांगें पूरी नहीं की गयी तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने सीएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि आंगनबाडी कार्यककर्ताओं का मानदेय न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए 600 रु प्रति दिन के हिसाब से 18000 रू किया जाए और वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष सबका मानदेय बढ़ाया जाए। आगनबाड़ी कार्यकताओं को सेवानिवृत होने पर 10 लाख की धनराशि दी जाए।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अच्छी क्वालिटी का फोन उपलब्ध कराया जाए, साथ ही मोबाइल रिचार्ज की दर 200 से बढ़ाकर 400 की जाए और प्रत्येक माह मोबाइल रिचार्ज का पैसा मानदेय के साथ आंगनबाड़ी की खाते में डाला जाए। मांग पत्र में यात्र भत्ता एवं ढुलान छह महीने के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्राओं की सेवानिवृत्ति की आयु 80 की जगह 62 साल की जाये। इस दौरान प्रदेश महामंत्री रंजीता अरोरा, जिलाध्यक्ष चन्द्रावती, उर्मिला मिश्रा,सीता रानी,नीरू बाला, पुष्पा कन्याल, कमला भट्ट, आशा देवी, गुरनाम, विद्यावती, कृष्णा, ललिता अमरीशा, अमेलता,प्रेमशीला, मन्नू बगड़वाल आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्री शामिल थी।

# राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में राज्य आंदोलनकारियों एवं उनके आश्रितों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह मिलने वाली सुविधायें मुहैया कराने, मानदेय से वंचित आंदोलनकारियों को इसका लाभ दिलाने, लंबित चिह्नीकरण के मामले सुलझाने, 10 प्रतिशत आरक्षण के लिए चिह्नित राज्य आंदोलनकारी के परिवार के सदस्यों को चिह्नित कर प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शासनादेश जारी करने जैसी मांगें उठाई गई हैं। बताया गया कि बुधवार को प्रदेश भर में आंदोलनकारियों ने सीएम को ज्ञापन भेजे हैं। राज्य आंदोलनकारी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को छह सूत्रीय मांगपत्र लेकर एसडीएम कोर्ट परिसर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम की अनुपस्थिति में राज्य आंदोलनकारी सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने पहुंचे लेकिन उन्होंने विकास प्राधिकरण की कोर्ट चलने का हवाला देते हुए ज्ञापन लेने में असमर्थता जताई। इस पर आंदोलनकारियों ने कार्यालय में ज्ञापन सौंपा और नारेबाजी की। इस बीच राज्य आंदोलनकारी हुकुम सिंह कुंवर ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के ज्ञापन न लेने से राज्य आंदोलनकारियों में नाराजगी है। इस दौरान खड़क सिंह बगड़वाल,भुवन चंद्र जोशी, केदार पलड़िया, जगमोहन चिलवाल, मोहन पाठक, चंद्र शेखर कापड़ी, प्रकाश चंद्र जोशी, बृज मोहन सिजवाली, पूरन सिंह मेहता, वीरेंद्र सिंह परिहार, देवीलाल शर्मा, अतहर हुसैन, कमल किशोर बधानी, केडी गुणवंत, भुवन चंद्र तिवारी आदि मौजूद थे।



# बैठक: मेहंदी प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर चर्चा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक मंगलवार को क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में क्लब की ओर से आयोजित होने वाली मेहंदी प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में प्रतियोगिता की मुख्य संयोजक दीपिका बिनवाल ने बताया 1 सितंबर को गोवर्धन हाल में होने वाली गोल्डी मेहंदी रचे मेरे हाथ प्रतियोगिता को लेकर नगर में भारी उत्साह है,बिनवाल के मुताबिक अभी तक 300 लोगों ने अपना पंजीकरण कर लिया है, पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 अगस्त है। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित की जाएगी, जूनियर वर्ग कक्षा 5 से 8 तक जबकि सीनियर वर्ग 13 साल से ऊपर का है। प्रतियोगिता के प्रायोजक डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल गोल्डी ने बताया पिछले 13 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है गोल्डी मसाले द्वारा प्रत्येक प्रतिभागियों को मेहंदी कौन दिए जाते हैं और इस प्रतियोगिता में काफी आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रतियोगिता के मध्य में क्विज प्रतियोगिता और तोल मोल के बोल कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। बैठक में कार्यक्रम की सह संयोजक रमा भट्ट ने बताया की प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या और विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान की पत्नी श्रीमती उर्मिला चौहान होगी।



बैठक में रानी शाह, हेमा भट्ट, मीनू बुदलाकोटी, अमिता शाह, सीमा सेठ, तनु सिंह, लीला राज, सरिता त्रिपाठी और डा. प्रगति जैन, कविता त्रिपाठी, विनीता पांडे, प्रेमा अधिकारी, आभा शाह, जीवंती भट्, मंजू बिष्ट, गीता शाह, प्राची आर्या, प्रभा पुंडीर, कंचन जोशी, कविता जोशी, दया कुंवर, मधुमिता, पुष्पा कांडपाल, सरस्वती शिराला, अमित शाह शेरवानी, रेखा पंत तथा रेखा जोशी आदि मौजूद रही। संचालन क्लब की सचिव दीपा पांडे ने किया।